मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

(ग्रामीण कृषि मौसम सेवा)

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर- 342003

दिनांकः 17 सितम्बर 2019

जोधपुर

जिले के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग, क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र, जयपुर से प्राप्त मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान

मौसमी तत्व / दिनांक	18/09/19	19/09/19	20/09/19	21/09/19	22/09/19
वर्षा (मि.मी.)	0	0	0	0	1
अधिकतम तापमान (°सेल्सियस)	36	37	38	37	38
न्यूनतम तापमान (°सेल्सियस)	27	26	27	28	27
बादलों की स्थिति (ओक्टा)	1	2	1	2	4
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) सुबह	73	72	71	70	75
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) शाम	24	24	23	23	25
हवा की गति (कि.मी/घंटा)	12	11	10	12	9
हवा की दिशा	दक्षिण–पश्चिम	पश्चिम	दक्षिण–दक्षिण–पूर्व	पश्चिम–दक्षिण–पश्चिम	पश्चिम

मौसम पूर्वानुमान के आधार पर कृषि परामर्श सेवा, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा इस जिले के किसानों को सलाहः

फसल	अवस्था	सलाह
मूंग, मोठ, चंवला	पकाव	खरीफ की दलहनी फसलें जैसे मूंग, मोठ, चंवला की पकी फलियों की तुडाई करें।
कपास		कपास में बालवर्म कीट का प्रकोप दिखाई देने पर कार्बेरिल 50 प्रतिशत घुलनशील चूर्ण ढाई किलो प्रति हैक्टेयर की दर से छिडकाव करे इसके साथ 8 ग्राम स्ट्रेप्टोसाइक्लिन भी मिलाएं।
तारामीरा	तैयारी	तारामीरा की बुवाई के लिए 2–3 बार हैरो से जुताई कर खेत तैयार करे तथा आवश्यक आदानों की अग्रिम व्यवस्था करें। तारामीरा की आर.एम.टी–314 उपयुक्त किस्म है। एक हैक्टेयर के लिए 5 किलो बीज पर्याप्त होता है।
टमाटर		टमाटर में पर्णकुंचन या विषाणु रोग के कारण पत्तियां सिकुड कर मुड जाती है तथा पत्तियों पर हल्का पीलापन लिए हुए हरे रंग के धब्बे हो जाते है। रोग के नियंत्रण हेतु मैलाथियॅान 50 ई.सी 1 मिली लीटर का प्रति लीटर पानी के हिसाब से छिडकाव करें।
भेड़ व बकरी		भेड़ व बकरी में पी.पी.आर.,फड़किया व चेचक रोग के प्रति टीके लगवाएं।

(नौडल ऑफीसर)